राज
कॉमिक्स
मूल्य 15.00 संख्या 560
उड़ती मौत
सुपर कमांडो ध्रुव
मुफ्त
ध्रुव का
एक पोस्टर

तूने 'लेडीबर्ड' के काम में अड़ंगा डालकर अपने जीवन की सबसे बड़ी भूल की है...
और आखिरी भी!
अब मैं तुझे छोड़ने जा रही हूं!
और तेरा बदन जमीन से टकराएगा...
तो तेरे चिथड़े पूरे राज-नगर में बिखरे नजर आएंगे!
अब ध्रुव भी क्या करे? जब परों पर फड़फड़ाती आए...
उड़ती मौत
कथा एवं चित्र. अनुपम सिन्हा.
संपादक. मनीष गुप्ता.

रात के अंधेरे में, काला आकाश, परिन्दों से खाली रहता है।
उड़ते हैं तो सिर्फ वे पक्षी, जिनको या तो इस काम के लिए सधाया गया हो...
और या... उनको जानबूझकर उड़ाया जाए।
काले आसमान पर दो परिन्दे —
एक शिकार —
और दूसरा शिकारी।
क्रिंच क्रींच
और उन पर नजर रखे हुए कुछ लोग।
बालू, अपने कबूतर पर कोई बाज हमला कर रहा है!
बाज! फिर से बाज!
लेकिन रात के समय बाज कहां से आ गया?
लड़ाई छोटी सी थी।
बाज के सामने कबूतर कब टिक पाया है?
और वह भी तब, जब बाज मामूली बाज नहीं हो।
हमारा कबूतर गिर रहा है। घायल हो गया है।
उस पर नजर रखो। देखो कि वह कहां पर गिरता है! उसको पकड़ना बहुत जरूरी है।
गाड़ी, गिरते कबूतर की तरफ दौड़ पड़ी।

लेकिन कबूतर की किस्मत में जमीन पर गिरना नहीं लिखा था।
अरे! यह क्या?
ये तो सफेद कबूतर है! पालतू कबूतर!
ये घायल हो गया है।
लेकिन इसके पैर में ये पैकेट कैसा बंधा हुआ है?
ये पैकेट हमारा है, लड़के!
हमको यह पैकेट दे दे।
बदले में कबूतर तू रख ले।
कौन हो तुम लोग?
इस पैकेट में ऐसा क्या है?
बिना किसी चेतावनी के नालें तन गईं—
इस पैकेट में बंद है तेरी मौत!
...और गोलियां हवा में उड़ने लगीं—
गुंडे किसी भी कीमत पर पैकेट को पाना चाहते थे।

- किसी भी कीमत पर।
और यह कीमत वे सूद सहित चुका रहे थे।
इस लड़ाई को बड़े ध्यान से देखा जा रहा था।
यह गलत हो रहा है! इस तरह तो ये चारों मिलकर भी इससे पैकेट नहीं छीन पाएंगे!
एक हाथ हिला—
और मौत एक बार फिर हवा में उड़ चली—
एक्रींच
और जब तक ये पैकेट नहीं हासिल करेंगे, तब तक ये अपने अड्डे पर जाने की हिम्मत नहीं करेंगे।
और यह मैं नहीं चाहती।
और इस बार उसका निशाना था...
सुपर कमांडो ध्रुव!
ओह! यह बाज।
एक्रींच
खिर्र्र्र्र्रीऽऽऽ
ध्रुव के गले से आवाज उभरी-
भाषा, बाज़ों की ही थी।
लेकिन न जाने क्यों, वह बाज कुछ सुनने को तैयार ही नहीं था।

और ध्रुव जानता था कि बाज अपने शिकार को कभी नहीं छोड़ता —
गुंडे मौका ताड़ रहे थे।
उठा कबूतर, मौरंग! और भाग ले यहां से।
ध्रुव के संभल पाने से पहले ही गुंडे, कबूतर सहित हवा हो लिए।
ध्रुव, बाज से जूझ रहा था...
... और ट्रेंड बाज, धीरे-धीरे उस पर हावी होता जा रहा था।
यह मेरी आंखें निकालना चाहता है।
स्क्रीच
इसे रोकने के लिए मुझे पहले इसकी आंखें बन्द करनी होंगी।
ध्रुव ने एक झटके से मोटरसाइकल के हैन्डल का कवर खींच लिया —
RAJ COMICS
फचक
स्वप्प
और कवर, बाज की गर्दन तक जा चढ़ा —

अब तक बाज संभलता, ध्रुव के शक्तिशाली हाथ, मोटरसाइकल का 'क्लचवायर' खींच चुके थे।
और बाज के पंजे, फंदे में फंस चुके थे।
अब बाज बेबस था।
ओह! वे गुंडे कबूतर को लेकर निकल लिए। पर आखिर यह चक्कर था क्या?
जहां तक मैं समझ पाया हूं, उस पैकेट में हेरोइन थी। खतरनाक और महंगी नशीली दवा!
खैर! सबसे पहले तो मोटरसाइकल को दुरुस्त किया जाए।
ध्रुव का ख्याल सही था।
बाल-बाल बचे, गुरू! अगर ध्रुव समझ जाता कि हम कबूतरों के जरिए हेरोइन को इस देश के अंदर लाते हैं, तो हमारा राज खुल जाता।
और बॉस हमको कभी जिन्दा नहीं छोड़ता।
किस्मत थी जो बच गए।
भला हो उस बाज का!
लेकिन राज तो खुल चुका था।
ध्रुव के सामने भी।
और उस रहस्यमयी आकृति के सामने भी—
ध्रुव के दिमाग में सवालों की बाढ़, बह रही थी।
लेकिन जवाब कहीं से नहीं मिल रहे थे।
कमांडो हैडक्वार्टर

हैलो, कैप्टेन!
कहो, करीम! कोई नई खबर आई!
खबरें तो आती ही रहती हैं, कैप्टेन।
देखो, कंप्यूटर स्क्रीन पर कुछ फ्लैश कर रहा है!
FLASH
दक्षिणी राजनगर के एक फॉर्म-हाउस में भीषण आग। दो लोगों के मो जाने की आशंका। आग के कारण का अ पता नहीं....
पीटर ने ये न्यूज जाकर कवर की थी।
लेकिन उसको कुछ खास पता नहीं चला।
अरे, हां! यह तो मैं तुमको बताना ही भूल गया।
हमारा नया एडवांस कंप्यूटर सिस्टम तैयार हो गया है।
इसमें राजनगर के अलावा, पूरे देश के सारे ज्ञात अपराधियों के पूरे डिटेल भरे हुए हैं।
गुड! शायद इससे मुझे कुछ अपराधियों का पता मालूम करने में मदद मिले।
लेकिन मुझे सिर्फ उनका हुलिया पता है।
उससे तो अपराधियों का पता करने में बहुत समय लगेगा। और मेरे पास इतना वक्त नहीं है।
कुछ समय नहीं लगेगा, कैप्टेन! कंप्यूटर सारा काम खुद करेगा।
तुम सिर्फ इस माइक में उन लोगों का हुलिया बोलते जाओ।
कंप्यूटर वह हुलिया सुनकर, उनके चित्र, स्क्रीन पर अपने आप बना देगा।
ध्रुव, माइक पर अपराधियों का हुलिया बोलता चला गया।
छोटी नाक...
हल्की बढ़ी दाढ़ी और मूंछें...
और स्क्रीन पर अपराधियों का चित्र उभरता चला गया।

और साथ ही साथ उनके बारे में सारी जानकारी भी–
IM.INFORMATION
नाम : मौरंग
ग्रुप : डैंग पार्टी ग्रुप
लंबाई : 5 फुट 3 इंच
वजन : 81 कि.ग्रा.
स्टेट्स : मामूली अपराधी, चार बार जेल गया। हेरोइन तस्कर डॉन किंग से संपर्क .....
PLEASEPRESS 'F'
कुछ ही देर बाद– ध्रुव की मोटरसाइकल अपनी मंजिल की तरफ तेजी से बढ़ रही थी।
लेकिन ध्रुव का काम तो कोई और पूरा करने जा रहा था।
आज शैतान अपने साथ था!
सच में। वर्ना सुपर कमांडो ध्रुव के हाथों से बचकर निकल पाना मजाक नहीं है।
चल रे! बॉस को फोन मिला!
बॉस को बता दूं कि आज तो उनके दुश्मन बाज ने ही हमको बचा...
बाज!
द...दो बाज उधर भी बैठे हैं।
पर...पर इनकी गर्दन में क्या लटक रहा है?
मुझे तो डायनामाइट की छड़ें लगती हैं। पर क्यों?

जवाब मिलने के पहले ही—
एक नया सवाल खड़ा हो गया—
कड़ड़ड़ड़
क... कौन हो तुम?
लेडी बर्ड!
और अब तुम यह पूछोगे कि मैं क्या चाहती हूं।
जवाब है...
...तुम लोगों की जान!
अब तक बंदूकें अपनी-अपनी जगह से बाहर आ चुकी थीं।
एक धमाके के साथ, पहले गुंडे के चिथड़े उड़ गए।
बड़ाममममम
साथ ही साथ, बाज के भी।
तड़ तड़ तड़
और गोलियां हवा में उड़ने लगी थीं।
निशाना 'लेडीबर्ड का जिस्म था।

लेकिन गोलियों के साथ, ट्रेंड बाज भी हवा में लपक चुके थे।
स्क भी गोली, लेडी बर्ड के शरीर तक नहीं पहुंच पाई।
अब उसने गुंडों को दर्दनाक मौत देने की ठान ली थी।
ईयाऽऽऽऽऊ
सुई जैसी नुकीली और ब्लेड जैसी तेज चोंचें, स्क शरीर में आ धंसी —
चीखों से कमरे की दीवारें हिलने लगीं।
उसने भय से आंखें बंद कर लीं।
लेकिन पलकें भी हाड़-मांस की ही बनी होती हैं।
फचाक
पंजे, पलकों को छेदते हुस्थ गहराई तक जा धंसे।
और गले से उबली चीख के रुक पाने से पहले ही —
और दूसरे गुंडे के पैर भय से जड़ हो गस्।
मौत उसकी तरफ लपक रही थी।
डायनामाइट की स्क लंबी छड़ उसकी गर्दन पर भी आ कसी —

और गुंडे का बदन हवा में उड़ता हुआ, दीवार से टकराने के लिए बढ़ चला—
एक सेकेंड बाद, धमाके के साथ शरीर के चिथड़े बिखर जाने थे।
लेकिन उसका शरीर, दीवार तक नहीं पहुंच पाया—
सुपरकमांडो ध्रुव भी, गुंडों तक आ पहुंचा था।
तू यहां पर भी मरने आ गया?
तुम जो कोई भी हो, मुझे पहचानती हो। पर कैसे?
हम पहले मिले हैं क्या?
वह तेरी किस्मत थी कि हम पहले नहीं मिले।
और अब ये तेरी बदकिस्मती है कि लेडीबर्ड से तेरा सामना हो गया। हट जा मेरे रास्ते से।
वर्ना तेरा हाल भी इन कमीनों जैसा हो जाएगा।
मैं जानता हूं कि ये सभी नशीली दवाओं के तस्कर हैं।
लेकिन इनसे तुम्हारी क्या दुश्मनी है?
और इनको सज़ा देने का हक तुमको किसने दिया?
ओह! वह भाग रहा है!

लेडी बर्ड, डैंग पाटी की तरफ लपकी—
लेकिन ध्रुव बीच में आ गया।
वह जानता था कि अगर डैंग पाटी, लेडी बर्ड के हाथ लग गया, तो उसका क्या हाल होगा।
लेडी बर्ड के संभलने से पहले डैंग पाटी टूटे दरवाजे से गायब हो चुका था।
और अब लेडी बर्ड का कहर...
...ध्रुव पर टूटने वाला था।
ओह! इसमें तो अमानवीय ताकत है।
मैं इसके पंजों को अपनी आँखों की तरफ बढ़ने से नहीं रोक पा रहा हूं।
धड़ंक
अब एक ही रास्ता है...
...कि इसकी ताकत का इस्तेमाल इसी के खिलाफ किया जाए।

इसकी ताकत इसके पंख हैं।
लेकिन ये पंख असली हैं। इसके शरीर पर बाजों जैसे पंख कैसे निकल आए?
जहां तक मैं समझ पा रहा हूं...
इसकी इस हालत, और हेरोइन के इन तस्करों में जरूर कोई संबंध है।
और बगैर वह संबंध पता लगाए...
आह!
धाड़
एक करारे वार से ध्रुव जमीन पर आ गिरा —
और दो तरफ से मौत उसकी तरफ लपक पड़ी।
मुझे पूरा यकीन है कि ये बाज भी मेरी भाषा नहीं समझेंगे। और इनका मुझसे टकराने का नतीजा मेरी निश्चित मौत है।
मुझे आखिरी समय तक इनके पास आने का इंतजार करना होगा।
और आखिरी समय पर इनके रास्ते से अलग हट जाना होगा...
ताकि ये दोनों बाज आपस में ही टकरा कर...
खूऊऊऊच

धमाके से उड़...
ध्रुव रास्ते से तो हट गया।
लेकिन धमाके की लहरों ने उसके पूरे शरीर को हवा में उछाल दिया।
वड़ाममम
उसका दिमाग कुछ पलों के लिए शून्य हो गया—
और 'लेडी बर्ड' को अपने शिकार के पीछे जाने का मौका मिल गया।
इतनी देर में डैंग सिर्फ बिल्डिंग से बाहर निकल पाया था—
अपनी तरफ झपटती मौत को देखकर उसने फिर से अंदर लपकना चाहा—
लेकिन बच नहीं सका।
सांस उसके गले में ही अटक कर रह गई—
वह चीखना चाहता था।
ईकींप
मगर चीख नहीं पाया।

सरसराती हवा में, एक ठंडी आवाज़ सरसराई—
अब जो कुछ भी मैं पूछूं, साफ-साफ बताता जा।
अगर ज़रा भी झूठ बोलने की कोशिश की, तो तेरे और ज़मीन के बीच में सिर्फ हवा होगी।
ब... बताऊंगा! बता दूंगा! पू...पूछो! पूछो!

डैंग खामोशी से सारे सवाल सुनता चला गया।
और जवाब अपने आप उसके गले से फिसलने लगे—
ब... बस! मैं और कुछ नहीं जानता!
तो तेरा काम अब खत्म हो गया...

...और तेरी ज़िन्दगी भी!
एक चीख हवा में खिंचती चली गई—
आ

ज़मीन तक पहुंच पाने से पहले ही—
डैंग पाटी का हार्ट फेल हो चुका था।

और ध्रुव के लिए एक नया रहस्य खड़ा हो गया था।
लेडी बर्ड!

कहीं और भी, इसी रहस्यमय आकृति का जिक्र हो रहा था।
क... क्या? तूने ठीक से तो देखा था न?
हूं... हां, किंग। डेंग और बाकी तीनों भी खत्म हो गए।
पर... पर वह बाज़ जैसी लड़की उन चारों के पीछे पड़ी क्यों?
यह बाद में सोचेंगे।
अभी तो दिक्कत ये है कि ध्रुव हमारा राज जान गया है।
कि हम ट्रेंड कबूतरों के जरिए हेरोइन को इस देश के अंदर लाते हैं।
अब हमको कोई नया रास्ता सोचना पड़ेगा। क्योंकि ध्रुव को खामोश करना असंभव काम है।
कमांडो हैडक्वार्टर में-
इतना तो पक्का है करीम, कि लेडी बर्ड और हेरोइन के तस्करों के बीच में कुछ संबंध है।
और वह संबंध दोस्ती का नहीं, दुश्मनी का है।
हैलो कैप्टेन।
ओह, पीटर।
कहां से आ रहे हो?
पुलिस हेडक्वार्टर से।
पता करने गया था कि दक्षिणी राजनगर में जो फार्महाऊस जल गया है, उसके बारे में कोई नई जानकारी मिली या नहीं।
सिर्फ इतना ही पता चला है कि मरने वाले भाई-बहन थे। बहन एक रिसर्च स्कॉलर थी...
और भाई?
भाई... बाज़ों का ट्रेनर था।
बाज़ों का ट्रेनर!

बाज़!
इस घटना का संबंध कहीं लेडीबर्ड से तो नहीं है?
हो सकता है कि उसी ने ट्रेंड बाज़ों को हासिल करने के लिए फार्म हाऊस को जला दिया हो!
लेकिन अगर ऐसा है तो ये हेरोइन के तस्कर बीच में कहां से टपक पड़े!
किस सोच में डूब गए, कैप्टेन?
लेडी बर्ड के बारे में सोच रहा था!
सोच रहा था कि उस तक कैसे पहुंचा जा सकता है!
कंप्यूटर में भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है!
और मेरे पास ऐसा कोई सूत्र नहीं...
एक मिनट!
किधर चले, कैप्टेन?
लेडी बर्ड से मिलने!
मैं तो लगभग भूल ही गया था कि लेडी बर्ड की एक निशानी मेरे पास है!
उसका बाज! और यही मुझे अपनी मालकिन तक पहुंचाएगा!
कुछ देर बाद - बाज, आकाश में अपने पंख पसार चुका था—
और ध्रुव की मोटरसाइकल सड़कों को चीरती हुई उसके पीछे जा रही थी—
हर पालतू पशु-पक्षी की यह खास आदत होती है, कि आजाद होते ही वह अपने रहने की जगह की तरफ भागता है।

और अगर मेरा शक सही है, तो यह बाज सीधा अपने रहने की जगह पर जाएगा। यानि दक्षिणी राजनगर के जले फार्म हाऊस की तरफ।
...लेकिन...लेकिन..
यह बाज तो पश्चिम की तरफ मुड़ रहा है! यह कहीं और जा रहा है।
प्राकृतिक विज्ञान संस्थान
ओह! यह सीधा 'प्राकृतिक विज्ञान संस्थान' की इमारत की तरफ बढ़ रहा है।
क्या मेरा ख्याल गलत...
आ
ईं
यह चीख? किसी महिला के चीखने की आवाज थी ये!
उस खिड़की से ये आवाज आई है! जिसमें लाइट जल रही है...
कुछ गड़बड़ जरूर है! पर क्या?
अंदर से रास्ता ढूंढ़कर उस कमरे तक पहुंचने में वक्त लग सकता है! सबसे तेज रास्ता होगा...
दीवार के सहारे उस कमरे तक पहुंचने का!

लेकिन कमरे के अंदर झांकते ही, ध्रुव आश्चर्य-चकित रह गया-

लेडी बर्ड 'प्राकृतिक विज्ञान संस्थान' के उस कमरे के अंदर मौजूद थी-

लेडी बर्ड !

यह आखिर यहां पर क्या कर रही है?

तू हर जगह मेरे पीछे-पीछे कैसे पहुंच जाता है, लड़के?

सोचो!

शायद तुझे जिन्दा छोड़कर मैंने गलती की है! तुझे भी उन गुंडों के साथ ही खत्म कर देना चाहिए था।

खैर, उस गलती को मैं अब ठीक कर देती हूं!

तड़ाक

अलार्म बटन

तू फिर फंस गया है, ध्रुव!

तूने लड़कियों पर हाथ न उठाने की कसम खाई हुई है!

वैसे अगर कसम न भी खाई होती, तो भी कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला था।

इस लड़ाई में ध्रुव, लेडी बर्ड को काबू में कर पाता—
या लेडी बर्ड, ध्रुव की जान अपने साथ उड़ा ले जाती, यह तय हो पाने से पहले ही—
ह्हीईं ईं हीई ईं ही ह्हीईं ईं हीई हीई ही
पूरी इमारत एक तीखी आवाज से गूंज उठी—
दूसरी महिला वैज्ञानिक ने खतरे का अलार्म बजा दिया था—
ओह! यह क्या? अब मैं यहां पर नहीं रुक सकती! मेरा यहां पर आना बेकार ही गया!
और सिर्फ इस लड़के के कारण!
खैर! मैं तो यहां पर दुबारा भी आ सकती हूं।
लेकिन मैं तुझे कल की सुबह नहीं देखने दूंगी।
?
कुछ ही पलों बाद, ध्रुव का बदन गगन चुंबी इमारतों से भी ऊपर झूल रहा था—
तूने उस डैंग नाम के गुंडे का हाल दूर से देखा था न!
अब तू अपना वही हाल अपनी आंखों से देखेगा।

एक मिनट। तुम आखिर हो कौन ? तस्करों से तुम्हारी क्या दुश्मनी है ?
और तुम्हारा 'प्राकृतिक विज्ञान संस्थान से क्या वास्ता है ?
कुछ ही पलों में तेरे चिथड़े पूरे राजनगर में बिखरने वाले हैं।
और फिर भी तू जानना चाहता है कि मैं कौन हूं !
तू बस इतना जान ले, कि इन तस्करों में से कोई भी ज़िन्दा नहीं बचेगा।
और तेरे बाद इन गुंडों के मालिक, मुख्य तस्कर, किंग का मांस, मैं उधेड़ूंगी।
और उसके बाद जो कुछ भी होगा, वह तुझे जानने की कोई जरूरत नहीं है...
क्योंकि मरने के बाद, किसी जानकारी का कोई मतलब नहीं रह जाता है।
ध्रुव का बदन, तेज़ी से जमीन की तरफ गिरने लगा।
हवा, सरसराती हुई पीछे छूटती जा रही थी।
और जमीन तेज़ी से पास आती जा रही थी।

अब मैं वापस 'प्राकृतिक-विज्ञान संस्थान' जाऊं, या पहले किंगपिन का खात्मा करूं ?

नहीं। अभी 'प्राकृतिक विज्ञान संस्थान' जाना खतरनाक हो सकता है।

पहले किंगपिन से अपना हिसाब चुका लूं। उसके बाद विज्ञान संस्थान से अपना काम तो मैं कभी भी कर लूंगी।

ध्रुव की मौत देखने का लेडी बर्ड को कोई शौक नहीं था।

मेरी मौत मेरे पास आती जरूर लग रही है ... लेकिन मैं डैंगपाटी की मौत देख चुका हूं।

और दुश्मन की ताकत को भी समझ चुका हूं।

इसीलिए मैं तैयारी के साथ आया था।

यह 'नायलोस्टील' की पतली डोरी मैं ऐसी ही किसी स्थिति के लिए लेकर आया था।

और अब यही मुझे बचाएगी।

डोरी का छल्ला, इमारत में आ फंसा—

और ध्रुव ने मौत को एक बार फिर मात दे दी।

अब सबसे पहले 'प्राकृतिक विज्ञान संस्थान' जाकर, 'लेडी बर्ड' के वहां पर आने का कारण पता लगाना होगा!
धम्म
शायद उससे मुझे कुछ सवालों के जवाब मिलें!
और फिर– प्राकृतिक विज्ञान संस्था में–
वह जो भी थी, ध्रुव! यहां पर रीना के सामान में से कुछ ढूंढ़ रही थी!
वह तो मैं रूेन वक्त पर, यहां पर कुछ ढूंढ़ने आ गई, वर्ना...!
यह रीना कौन है?
रीना 'है' नहीं, थी!
वह अपने भाई के साथ एक दुर्घटना में जलकर मर गई! दक्षिणी राजनगर के फार्म हाऊस में!
ओह! रीना यहां पर क्या करती थी?
वह एक रिसर्च स्कॉलर थी! बाजों की आश्चर्यजनक ताकत, उड़ने की क्षमता और तेज नजर पर रिसर्च कर रही थी!
उसने बाजों के शरीर से एक ऐसा सीरम निकालने में सफलता प्राप्त कर ली, जो बाजों को ये शक्तियां देता है।
ओह! यानि 'लेडी बर्ड' यहां पर वही सीरम लेने आई थी।
नहीं! उसने सीरम की तरफ तो देखा भी नहीं! वह इस शीशी की तरफ लपक रही थी।
क्या है इस शीशी में?
यह तो मुझे भी नहीं मालूम!
लेकिन यह पक्का है कि उसे यही शीशी चाहिए थी।
ध्रुव के माथे पर सिकुड़ने पड़नी शुरू हो गई थीं।
वह धीरे-धीरे सारी बात समझ रहा था।
लेकिन किंगडॉन कुछ समझ नहीं पा रहा था।
सोच-सोच कर सिर दुःख गया।
हेरोइन मंगाने का कोई नया रास्ता समझ में ही नहीं आ रहा है!
लेकिन इतने सारे कबूतरों को क्या करें, किंग?

इन सबको उड़ा दें!
उड़ा देंगे तो ये फिर वापस यहीं आ जाएंगे। आपके ही ट्रेंड किए हुए हैं सब!
तो फिर इनको मार कर खा जा।
एक-एक कबूतर तीन-तीन हजार का पड़ा है, किंग! ट्रेनिंग का खर्चा मिलाकर।
इतने मंहगे कबूतर खाकर तो पेट खराब हो जाएगा।
तो भेज दे इनको उन्हीं बाजों के पा... बाज...
बाज!
क्या हुआ, किंग बॉस?
बाज! कई सारे बाज इधर ही आ रहे हैं।
साथ में वह लड़की भी है!
सारी खिड़कियां, दरवाजे, स्टील के शटर और बिल्डिंग के अंदर घुसने के सारे रास्ते बंद कर दो!
एक-एक रोशनदान को सील कर दो। सीढ़ियां तोड़ डालो! जल्दी-जल्दी कर!
यहां पर सिर्फ हम दो ही लोग हैं। बचाने वाला भी कोई नहीं है!
और अगर मारे गए, तो क्रिया कर्म करने वाला भी कोई नहीं है।
लेडी बर्ड, किंग डॉन की तलाश में मंजिल तक तो आ पहुंची थी—
लेकिन मंजिल के अंदर घुसने के सारे रास्ते बन्द थे। बाजों तक के घुस पाने की जगह नहीं छूटी थी।
धड़ाम
लेकिन लेडी बर्ड को इसका आभास था।
और वह पूरी तैयारी के साथ आई थी।

हमला शुरू हो गया था—
खिड़कियों के स्टील-शटरों और दीवार की पुरानी ईंटों ने जवाब देना शुरू कर दिया था—
भड़ाम
धड़ाम
छुछ ही देर की बात थी—
उसके बाद किंगड्रॉन की जान लेडी बर्ड के रहमों करम पर थी—
बॉ... बॉस! हर धमाके के साथ मेरी धड़कन दुगुनी होती जा रही है!
भड़ाम
सच कहता है, चेले! यहां से भागने का मौका ढूंढ़!
रास्ता सोच!
अंदर जाने का रास्ता खोलने के लिए बम हवा में उड़ा—
और हवा में ही नष्ट हो गया।
कड़ममम
शाबास! बस एक धमाका और, और फिर अंदर जाने का रास्ता खुल जाएगा!
धड़ाम
ध्रुव भी किंगड्रॉन के अड्डे तक आ पहुंचा था।
तू... तू बच गया? कैसे बच गया?
इतनी ऊंचाई से गिरकर कोई भी नहीं बच सकता है!

अगर मैं गिरता, तब न!
और अब मुझको यह बताओ, कि, तुम इन स्मगलरों को जान से क्यों मारना चाहती हो०००
०००मिस रीना! यानि रिसर्च स्कॉलर!
अगर तुम मुझे पहचान गए हो, तो यह मुखौटा पहनना बेकार है!
लेकिन तुमने मुझे पहचाना कैसे?
रीना की चीजों के बारे में, लेडी बर्ड की जानकारी देखकर।
और फिर, रीना की ड्रॉअर को चाबी से खोला गया था। और वह चाबी रीना के ही पास थी। एक बात और०००
यहां आने से पहले मैंने अपने कमांडो पीटर से संपर्क किया था।
और उससे यह बात कंफर्म हो गई कि फार्म हाउस से सिर्फ एक ही जली लाश बरामद हुई थी। और वह आदमी की थी।
तब तो तुम यह भी जानते होगे, कि मैं इन कमीनों को क्यों मारना चाहती हूं!
नहीं। यह मैं नहीं जानता!
तो सुनो। मैं एक रिसर्च स्कॉलर हूं। बाजों पर रिसर्च कर रही थी। और भाई के फार्म हाउस पर इसलिए रहती थी, क्योंकि वह बाजों का ट्रेनर था। मैंने फार्म हाउस में एक छोटी-मोटी लेबोरेट्री बना‌ई हुई थी।
बात मामूली कारण से शुरू हुई।
भाई के बाज ने एक कबूतर को मार गिराया।
और उस कबूतर के पैर में बंधा हुआ था हेरोइन से भरा पैकेट।
?
भाई ने तुरन्त पुलिस को इंफार्म करने की सोची।
लेकिन ये तस्कर शायद कबूतर पर नजर रखे हुए थे।
भाई के कुछ भी कर पाने से पहले वे फार्म हाउस पर आ धमके।

मेरी आँखों के सामने, बगैर कोई मौका दिए, मेरे भाई को बेरहमी से पीट-पीट कर बेहोश कर दिया गया—
भड़
अब गुंडों का ध्यान मुझपर गया!
मैंने भागकर अपनी लैब में छुपने की कोशिश की। लेकिन बच नहीं सकी। लैब में, बाजों का सीरम रखा हुआ था—
वही सीरम, इन गुंडों ने मेरे गले में उड़ेल दिया—
मैं भी होश खो बैठी।
और ये तस्कर, फार्म हाउस को आग के हवाले करके, हंसते हुए चले गए—
लेकिन सीरम के असर से मेरे शरीर में बदलाव होने लगा था। मेरे पंख निकलने लगे थे। पैर की जगह पंजे बन गए थे।
जब मुझे होश आया, तो आग पूरी तरह से फैल चुकी थी! भाई को बचा पाने का कोई रास्ता नहीं था। बड़ी मुश्किल से मैं खुद बच सकी।
और वह भी सिर्फ इसकारण, क्योंकि...
...अब मैं उड़ सकती थी।
अब तुम समझ गए न! मुझे प्रतिशोध चाहिए। और वह किंगडॉन का खून देखकर ही मिलेगा।
मैं तुम्हारा दर्द अच्छी तरह से समझ गया हूं रीना!
लेकिन कानून को हाथ में मत लो।
डॉन किंग को पकड़कर मैं कानून के हवाले करूंगा! और उसे सजा दिलवाऊंगा।
यानि कि तू फिर मेरा रास्ता रोकेगा! पर अब ऐसा नहीं हो सकता!
डॉन किंग मेरा आखिरी शिकार है!
कानून भी उसको मुझसे नहीं छीन सकता!
बाज! अटैक!

हमला एक बार फिर शुरू हो गया—
हथियार वही थे। लेकिन अब उनका निशाना था—
ध्रुव!
इसीलिए बम बेकार साबित हो रहे थे।
इस पर बमों से निशाना लग नहीं पा रहा है!
समय बेकार हो रहा है! धमाके की आवाजें सुनकर पुलिस किसी भी वक्त यहां पर आ सकती है!
इस पर सीधा हमला करना होगा! अपने कुछ बाजों की बलि देनी ही पड़ेगी!
सुसाइड अटैक!
तीन बाज एक साथ ध्रुव की तरफ लपके—
तीनों के गले में डायनामाइट की लड़ियां बंधी थीं।
धड़ाक
तीन धमाके हुए—
लेकिन ध्रुव हर धमाके से एक पल पहले अपनी वह जगह छोड़ चुका था—
बचना मुश्किल हो रहा है। और अगर ये बाज मुझे खत्म करने में सफल हो गए तो मैं इस लड़की को नहीं बचा पाऊंगा!
इसलिए अब बचना छोड़कर पलट कर हमला करना होगा!
नर्व गैस के कैप्सूलों से।
आगे लपकते बाजों की चोंचें कैप्सूलों से टकराईं—
और पलक झपकते वे होश खो बैठे!

लेकिन बाजों की संख्या ज्यादा थी।
ओह! मेरे पास 'नर्वकैप्सूल' खत्म हो गए हैं। और अभी भी तीन बाज बचे हुए हैं!
कम से कम दो बाजों से तो मैं...
...अब भी निपट सकता हूं!
धाड़
ओह! मेरा सिर्फ एक बाज बचा है! इस लड़के ने मेरे सारे बाजों को खत्म कर दिया!
अब मैं तुझको अपने हाथों से मौत दूंगी!
इमारत की दीवार से, ध्रुव का शरीर, एक भीषण आवाज के साथ टकराया—
धड़
और ध्रुव के मुंह से कराह निकल गई।
बॉ... बास! अच्छा मौका है! ध्रुव और वह बाजिन दोनों आपस में झगड़ रहे हैं!
बात मत कर! बगल वाली छत पर कूदकर निकल ले यहां से!

लेकिन 'किंगडॉन' का भागना अनदेखा नहीं जा रहा था।
स्क्रीइच!
लेडी बर्ड उर्फ रीना ने अपने दुश्मन को देख लिया था।
आदेश मिलते ही बाज अपने लक्ष्य की तरफ लपका—
और दोनों ही लड़खड़ा कर मुंडेर से फिसल गए।
नीचे गिरने की सिर्फ आवाज सुनाई पड़ी—
ओफ्! आखिरकार यह कामयाब हो ही गई! अब मैं इसको कोई मौका नहीं देना चाहता!
एक ही सधी हुई कलाबाजी से—
ध्रुव, लेडी बर्ड के ऊपर जा पहुंचा।
इस वक्त पंख, उसके शरीर का ही एक अंग थे।
ईयाऊऊ!
उसके हाथ पंखों पर कस गए।
लेडी बर्ड, दर्द से चीख उठी—
और अब उसके पास नीचे उतरने के अलावा और कोई चारा नहीं था।

दर्द के कारण, उसका मुंह, चीखने के लिए अभी भी खुला हुआ था —
अब अगर मेरा ख्याल सही है, तो इस शीशी में भरा द्रव ही रीना का इलाज है।
जो मैं प्राकृतिक विज्ञान संस्थान से अपने साथ लेता आया था।
मेरे ख्याल से इसने बाजों का सीरम बनाने के साथ-साथ, उनका काट भी तैयार किया था...
...जिसके बारे में सिर्फ ये ही जानती थी।
इसलिए दूसरी वैज्ञानिक इस शीशी में भरे द्रव को नहीं पहचान पा रही थी।
ध्रुव का ख्याल सही था।
रीना के शरीर में लगभग तुरंत ही बदलाव शुरू हो गया था।
तुम्हारे यह 'एंटी सीरम' लाने से मुझे यह पता चल गया कि तुम मेरे सारे राज जान चुके हो।
वैसे भी किंगडॉन का खात्मा करने के बाद ये 'एंटी सीरम' मैं खुद ही पी लेती।
इसीलिए मैं इसको लेने विज्ञान संस्थान गई थी! फार्म हाऊस में रखा एंटी सीरम तो आग में जलकर नष्ट हो गया था।
वह वापस, अपनी सामान्य अवस्था में आ रही थी।
अब मेरे सारे काम पूरे हो गए हैं, ध्रुव।
अब मैं कानून का हर हुक्म मानने को तैयार हूं।
चलो।
ध्रुव कुछ न बोल सका!
कहने को कुछ बचा ही नहीं था।
समाप्त.